## खबर संक्षेप

### सीएफएल सेंटर मंडला द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित

**मण्डला।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित परियोजना के अंतर्गत एवं ''सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया'' के सहयोग से समर्पित संस्था सीएफएल सेंटर मंडला द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में विशेष वित्तीय साक्षरता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचाना तथा लोगों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। इसी क्रम में नैनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी तथा नारायणगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत बिजेगांव में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, मोहगांव के हाट-बाजार में केनोपी लगाकर बाजार में आए लोगों को वित्तीय सेवाओं, सरकारी योजनाओं एवं डिजिटल लेन-देन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सुरक्षित डिजिटल भुगतान, बैंकिंग सेवाओं के उपयोग तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और सतर्क रहकर अपनी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस दौरान लक्ष्मी पटेल (क्षेत्रीय प्रमुख, मंडला), शिव प्रसाद नंदा (मंडला), मनीष सिंगोर (नेनपुर), सुनील मोंगरे (नारायणगंज), प्रवीण राय (निवास), जोन्सन जॉय (बीजाडांडी) एवं नाजिम शाही (मोहगांव) उपस्थित थे।

## 500 किसानों को काली हल्दी क्लस्टर से जोड़ने की तैयारी

# कृषि में नवाचार से बढ़ेगी आय

*** मंडला को बनेगा मॉडल जिला बनाने की तैयारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिले के उन्नत एवं प्रगतिशील किसानों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी विस्तार और बाजार आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में मछली पालन, प्राकृतिक (जीरो बजट) खेती, सब्जी एवं फल उत्पादन, दुग्ध व्यवसाय तथा हल्दी की आधुनिक खेती से जुड़े सफल कृषकों ने अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि किसानों की लागत कम करना और उनकी आमदनी बढ़ाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पारंपरिक खेती के साथ हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर, प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी आधारित फसलों को प्रोत्साहित किया जाएगा।




### ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन और काली हल्दी खेती पर विशेष फोकस

कलेक्टर श्री धोटे ने सभी उन्नत किसानों का ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर पहचान तथा अधिक मूल्य मिलेगा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को काली हल्दी उत्पादन के लिए विशेष क्लस्टर विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। योजना के तहत कम से कम 500 किसानों को इस उच्च मूल्य वाली फसल से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### कृषि नवाचारों को मिलेगा राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मान

कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन कृषि नवाचार प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रतियोगिता के लिए विशेष मूल्यांकन दल गठित किया जाएगा तथा चयनित किसानों को 15 अगस्त और 26 जनवरी के मुख्य शासकीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि ऐसे प्रयास अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

### व्हाट्सऐप ग्रुप बनेगा किसानों का डिजिटल ज्ञान मंच

उन्नत किसानों और कृषि विभाग के बीच सतत संवाद सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा। इसके माध्यम से किसानों को मौसम पूर्वानुमान, कीट एवं रोग प्रबंधन, उन्नत कृषि तकनीकों तथा सफल खेती के अनुभवों की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिलेभर में तकनीकी सेमिनार

किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए ग्राम सर्री में विशेष कृषि शिविर आयोजित किया जाएगा। साथ ही जिलेभर में तकनीकी सेमिनारों का आयोजन कर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके। बैठक में उप संचालक कृषि अश्वनी झारिया, उप संचालक पशुपालन यू.एस. तिवारी, सहायक संचालक उद्यानिकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन: आगामी दो दिनों में करें शिकायतों का निराकरण-अपर कलेक्टर




*** जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की एंट्री में लापरवाही नहीं चलेगी- सीईओ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में बुधवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने विभागवार कार्यों की प्रगति जानी और जरूरी निर्देश दिए।

### तीन दिन बाद आएगी सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग, तेज करें काम

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की नई रैंकिंग जारी होने में सिर्फ तीन दिन बचे हैं। सभी विभाग दो दिन में अधिकतम शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। 50 दिन से ज्यादा लंबित शिकायतों को भी नियमानुसार बंद कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निम्न गुणवत्ता वाले प्रकरणों को संबंधित जिलाधिकारी री-ओपन कराकर संतुष्टि के साथ क्लोज करें। बैठक से गैरहाजिर जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

### जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की एंट्री 'चिंताजनक'

सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने जन कल्याण शिविरों के आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत और मुख्यालय स्तर पर लगे शिविरों में मिले सभी आवेदनों की एंट्री गुरुवार तक हर हाल में कर दी जाए। एंट्री की स्थिति चिंताजनक है।

### कृषि तथा संबद्ध विभागों की बैठक की तैयारी की समीक्षा

कृषि एवं संबद्ध विभागों की प्रस्तावित समीक्षा बैठक को लेकर सीईओ श्री मीना ने कहा कि सभी जिलाधिकारी निर्धारित फार्मेट में अपना प्रेजेंटेशन तैयार करें। साथ ही पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन भी बिंदुवार बनाकर लाएं।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया, कृषि व अन्य विभागों के जिला प्रमुख योजना भवन में मौजूद रहे। समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद, सीडीपीओ, बीईओ, सीएमओ और बीएमओ वीसी के जरिए बैठक से जुड़े।



# खरगोश की गंभीर नेत्र समस्या का सफल ऑपरेशन

*** पशुपालन विभाग की टीम ने बचाई जान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंडला के चिकित्सकों ने एक पालतू खरगोश की गंभीर नेत्र समस्या का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी प्रदान की है। यह शल्य चिकित्सा जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं की संवेदनशीलता और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण बनी है।**

जानकारी के अनुसार श्री हेमराज नंदा के पालतू खरगोश की एक आँख में पिछले लगभग छह से सात माह से गंभीर घाव था। लगातार संक्रमण के कारण उसकी एक आँख पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी तथा संक्रमण के शरीर के अन्य आंतरिक भागों तक फैलने की आशंका भी बढ़ रही थी। खरगोश की स्थिति को देखते हुए तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक हो गया था।

दो दिन पूर्व श्री नंदा ने सर्जरी विंग प्रभारी डॉ. सुमित कुमार पटेल से संपर्क किया। इसके बाद पॉलीक्लीनिक चिकित्सालय की टीम द्वारा खरगोश की विस्तृत जांच की गई तथा उसकी स्थिति का आकलन कर शल्य चिकित्सा की योजना तैयार की गई।



पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार बुधवार को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न किया। ऑपरेशन के बाद खरगोश की स्थिति सामान्य एवं स्वस्थ है। पालतू पशु के स्वास्थ्य में सुधार होने पर पशुपालक श्री हेमराज नंदा ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संतोष और प्रसन्नता जताई।

यह सफल शल्य चिकित्सा उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। ऑपरेशन में सर्जरी टीम के सदस्य डॉ. सुमित कुमार पटेल, डॉ. श्रुति गौर एवं डॉ. ललित चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वार्ड नंबर 4 में पार्षद का जलवा, सरकारी पेपर ब्लॉक पर हो रही अवैध पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में हाल ही में सरकारी राशि से पेवर ब्लॉक का निर्माण कराया गया है। यह निर्माण क्षेत्र की सुविधा और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन वर्तमान में यहां अवैध पार्किंग की समस्या देखने को मिल रही है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेवर ब्लॉक वाले स्थान पर वाहनों की पार्किंग कराई जा रही है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत आसपास के बच्चों को हो रही है, जिन्हें खेलने-कूदने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है।

उक्त स्थान के सामने ही प्राथमिक विद्यालय संचालित है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए स्थान का उपयोग पार्किंग के रूप में किया जाना उचित नहीं है।

वार्ड वासियों ने नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बच्चों और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**प्रवेशोत्सव** | **नैनपुर केंद्रीय विद्यालय में 320 विद्यार्थियों का हुआ प्रवेश।**

# प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र की शुरुआत

*** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संवरेंगे बच्चों के सपने।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**जिले के नैनपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को ''विद्या प्रवेश उत्सव'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 320 नौनिहाल विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रथम चरण के लिए शुभकामनाएं दी गईं। केंद्रीय विद्यालय के संचालन से नैनपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त होगा।**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उनके सपनों को नई दिशा और उड़ान देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी उत्कृष्ट शैक्षणिक अवसर उपलब्ध हों।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और सर्वांगीण विकास की अवधारणा के लिए देशभर में प्रतिष्ठित हैं। यहाँ अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसरों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए भी मजबूत आधार प्राप्त होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन में सफलता का माध्यम बनाते हुए अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के विद्यालय प्रवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्या प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने नए शैक्षणिक सत्र का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

**कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा विकासखंड बिछिया जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/NSCB छात्रावास/2026/275 दिनांक 17/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास मोचा
विकासखंड बिछिया जिला मण्डला

**कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी विकासखंड मवई जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/NSCB छात्रावास/2026/109 दिनांक 17/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी
विकासखंड मवई जिला मण्डला

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुहारी विकासखंड निवास जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/KGBV छात्रावास/2026/33 दिनांक 16/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुहारी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुहारी के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लुहारी
विकासखंड निवास जिला मण्डला

**कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली विकासखंड बिछिया जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/NSCB छात्रावास/2026/39 दिनांक 17/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास आरोली
विकासखंड बिछिया जिला मण्डला

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय धनगांव विकासखंड मवई जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/KGBV छात्रावास/2026/65 दिनांक 17/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय धनगांव में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय धनगांव के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय धनगांव
विकासखंड मवई जिला मण्डला

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुखराम विकासखंड नारायणगंज जिला मण्डला**

पत्र क /SSA/KGBV छात्रावास/2026/64 दिनांक 17/06/2026

// निविदा सूचना //

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुखराम में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/2026 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें (लिफाफे) दिनांक 25/06/2026 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुखराम के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुखराम
विकासखंड नारायणगंज जिला मण्डला

## खबर संक्षेप

### घर के अंदर घुसकर तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गरहा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि गांव के ही सीताराम मेहरा व निरंजन ठाकुर द्वारा किसी पुराने विवाद को लेकर जबरन घर के अंदर घुसकर गंदी गंदी गालिया देते हुये घर का दरबाजा सहित अन्य सामग्री की तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई तथा प्राथिया को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्राथिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सब्बल से बार करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी दामोदर पिता ताराचंद धानक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पिताजी ताराचन्द धानक ने सत्यम धानक के पास जलाऊ लकडी लाने की मजदूरी किए थे, सत्यम ने मजदूरी का पैसा उसी दिन न देकर बाद में देने को कहा था । जब सत्यम हमारे घर पैसा देने आया तो बातों बातों में सत्यम मेरे पापा को गंदी गंदी गालियाँ देने लगा जो गालियाँ सुनने में बुरी लगने पर गालियाँ देने से मैने सत्यम को मना किया तो सत्यम द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। झगडा देख जब प्रार्थी की माँ बीच बचाव करने के लिये आई तो सत्यम द्वारा सब्बल मारते हुये प्रार्थी की मां को चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के माता वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब मेरे पति मुन्ना लाल जाटव मंडी से काम करने के बाद अपने घर आ रही थी उसी दौरान रास्ते में लकी जाटव व कोहिनूर जाटव मिले जो पुरानी बुराई को लेकर प्रार्थिया पति मुन्ना लाल जाटव को गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब मुन्ना लाल द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पूजा के दौरान मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी छोटेलाल पिता फूलचंद अहिरवार उम्र 25 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि जब उसके घर पूजन का कार्य चल रहा था तो उसमें गांव के बुद्वा अहिरवार, मोहन तथा छोटू अहिरवार भी आये हुये थें। इस दौरान सभी आंगन में बैठकर बाते कर रहे थें उसी दौरान बुद्वा व मोहन तथा छोटू द्वारा किसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तपती दोपहर में कचरा घरों पर भटकर रहे बच्चे

**गाडरवारा।** इस समय पड़ रही भीषण उमस भरी गर्मी व बदली के बीच से निकल रही सूर्य देव की तेज तपन के चलते जहां लोग अपने घरों से निकलने में डर रहे है, वही दूसरी ओर नगर की गलियों में अपने पेट की खातिर घूमने वाले बच्चों को देखते हुए शासन की योजनाओं पर सबाल खड़े होना आम बात जान पड़ रही है? गौर किया जावे तो जहां म प्र.सरकार ने विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का संचालन जरूर किया है पर अभी भी चल रहा भीषण मँहगाई के दौर में गरीब परिवार की महिलाओं, बच्चो को कचरा घरो पर पन्नी, लोहे के टुकडे बीन कर अपना पेट भरने मजबूर होना पड़ रहा है।

## आमजन के साथ साथ दुकानदारों की जिन्दगी खतरे से खाली नहीं...?

# सड़क पर लगने वाले बाजार की अनदेखी पैदा कर रही बड़ी घटना का संभावना





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि नगर में जब कोई बड़ी घटना घटित होती है तो लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुये देखा जाता है। वही अधिकारियो का रवैया भी बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था को सुधारने में दिखाई देने लगता है। मगर जहां किसी बड़ी घटना की संभावना बन रही हो तो उसे टालने के प्रयासो की अनदेखी इस तरह की घटनाओं को जन्म देने से नही चूकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हर सप्ताह के सोमवार व शुक्रवार को नगर के चीचली तिरहा तथा जमाडा रोड टेलीफोन आफिस के सामने देखने मिल रही है। जहां पर सड़क पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार के चलते आमजन के साथ साथ दुकानों की जिन्दगी खतरे से खाली नही रह पा रही है..? नगर में वाहन मालिकों से लेकर यातायात व्यवस्था की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कुलियों व कालोनियों में फैला हुआ अतिक्रमण यातायात के लिये बाधक बन रहा है तो दूसरी ओर वाहन मालिकों की मनमानी का नजारा इस तरह से देखने मिल रहे है कि वह अपने घरों के सामने मुख्य मार्गो पर जिस तरह बड़े बडें वाहनों को खड़ा करते देते है जो कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण जहां यातायात के लिये बाधक बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह सड़को पर अघोषित रूप से कब्जा करते हुये वाहन खड़े करने वाले नगर के अनेक प्रभावशाली लोग होने के कारण प्रशासन के अधिकारी भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पाने के कारण वह भी सोचते है कि जैसा चल रहा है वैसा चलता रहे अपन हे क्या लेना है...? मगर इसका परिणाम नगरवासियों के लिये भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि जहां तहां जाम की स्थिति बनने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यदि शहर से हटकर नगर की स्थिति पर नजर डाली जावे तो नगर के पलोटन गंज क्षेत्र यानि की जमाड़ा रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज व रेल्वे स्टेशन मार्ग यानि की चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार पूर्णरूप से यातायात व्यवस्था के लिये जहां नासूर साबित होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने की सोच से आने वाले दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है..? नगर के टेलीफोन एक्सजेंच के पास प्रति सप्ताह यानि की शुक्रवार को लगने वाले इस सब्जी बाजार का हाल इस तरह से देखने मिलता है कि यहां पर कोई उपयुक्त जहां नही होने के कारण जहां सभी दुकानदार अपनी दुकाने मुख्य मार्ग के दोनों ओर लगाते है और सामग्री खरीदने के लिये पहुंचने वाले ग्राहक सड़क पर खड़े होकर ही खरीदारी करने के कारण शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक यहां की स्थिति इस तरह बन जाती है कि लोगों को वाहन निकलने की बात तो दूर पैर रखने के लिये जगह मिल पाना भी मुश्किल हो जाता है। जबकि गौर किया जावे तो यह स्थान गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस गांवों से दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन शहर अपने बडे बडे वाहनों से आना जाना करते है तो दूसरी ओर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से निकलते हुये देखे जाते है। इतना ही नही इस मार्ग से शहर में पढ़ाई करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र छात्राओं का निकलना भी होता है। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार यातायात के लिये जहां नासूर साबित तो हो ही रहा है दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने के लिये आने वाले दुकानदारों से लेकर उनके ग्राहकों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है? यह बात अलग है कि नगर के टेलीफोन एक्सचेंज व चीचली तिरहा पर लगने वाले इन साप्ताहिक बाजारों की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के चलते कुछ साल पहले तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सृष्टि देशमुख व तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी ए पी गहिरवार द्वारा गंभीरता से लेते हुये शुक्रवार के दिन टेलीफोन आफिस के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन करने के लिये प्रयास शुरू किये गये थें और इसी के चलते नाजूल की खाली पड़ी हुई भूमि पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग यानि की संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास नाप तोल कराते हुये वहां पर प्लेट फार्म का निर्माण कराते हुये शीघ्र ही इस साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन के प्रयास शुरू कर दिये गये थें। इसी के चलते नगर पालिका द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लाखों रूपया शासकीय राशि के रूप में खर्च करते हुये पक्के प्लेट फार्म का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे अनुमान लग रहा था कि अब शीघ्र ही यह साप्ताहिक बाजार इस प्लेट फार्म पर शुभारंभ होने से जहां यहां पर पैदा होने वाली यातायात की परेशानी से निजात मिल जावेगी तो दूसरी ओर इस बाजार में अपनी दुकाने लेकर आने वाली दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी भी सुरिक्षत हो जावेगी..? इस प्रकार टेलीफोन एक्सजेंच के पास लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार से पैदा होने वाले खतरें को लेकर अधिकारियों द्वारा जिस तरह से तत्परिता दिखाते हुये जगह परिवर्तन करने के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की जा रही थी। मगर इन्ही प्रयायों के दौरान पंचायत चुनाव से लेकर नगरीय निकाय चुनावों का बिगुल बज जाने के चलते इस साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन होने की कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई थी। ऐसा लग रहा था कि नई नगर पालिका परिषद का गठन होने के बाद इस प्रक्रिया को पूरा किया जावेगा। मगर इसके बाद वर्षो का समय बीते जाने के बाद भी यह प्रक्रिया पूर्ण नही हो पाई है। वही बैठकी बाजार के लिये लाखों रूपया की राशि से बनाया गया प्लेट फार्म बगैर उपयोग हुये ही टूटते हुये नजर आने लगा है। इस तरह सरकारी धन भी खर्च हो चुका है और परेशानी जहां की तहां देखाई दे रही है...? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि हर शुक्रवार के दिन टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क पर लगने वाले बाजार के दौरान लोगों की अपनी जिन्दगी खतरे में डालते हुये देखा जा रहा है। वही यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है...? आमजन का कहना है कि कही ऐसा तो नही कि यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की निंद्रा भंग हो पायेगी...? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान जाने मगर नगरवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुये कहा जा रहा है कि शीघ्र ही इन साप्ताहिक बाजारों की जगह परिवर्तन की जावे नही तो किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ पटेल ने ग्राम गांगई सहित सांईखेड़ा में आयोजित जन कल्याण में पहुंचकार हितग्राहियों से किया संवाद

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आम जनता तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सोच के चलते तहां तहां जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम गांगई व सांईखेड़ा ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित शिविर में समीपस्थ तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल शामिल हुये। बताया जाता है कि विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत गांगई में आयोजित जनकल्याण शिविर में पहुंचकर उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवाकाल के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण पर आधारित नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, विश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन, उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाएं संचालित कर महिलाओं, युवाओं,




किसानों और गरीब कल्याण की दिशा में लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत आत्मनिर्भर, डिजिटल नवाचार, आधुनिक अधोसंरचना और सशक्त नेतृत्व के बल पर विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है। इसी प्रकार से जनपद पंचायत सांईखेड़ा में बुधवार को जनकल्याण शिविर सम्पन्न हुआ। विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होकर विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली और हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान विधायक पटेल ने कहा कि जनकल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरकार का संकल्प है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनसेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## रक्तदान शिविर में 34 युवाओं ने किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** मोहर्रम माह की पहली तारीख को मानवता, सेवा और सामाजिक सरोकारों का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हसनी हुसैनी सोसायटी गाडरवारा द्वारा शक्ति चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा की भावना से आयोजित इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 34 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी पहल की गई। बताया जाता है कि इस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो दोपहर 3 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। रक्तदान शिविर में जिला ब्लड बैंक की टीम ने विशेष एसी वाहन के माध्यम से रक्त संग्रह किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. हिमा शशिधरन, वरिष्ठ टेक्नीशियन एम.एल. चौधरी, शाहरुख खान, अभिषेक कहार सहित गाडरवारा चिकित्सालय के ब्लड स्टोरेज यूनिट से निखिल साहू एवं अजय घारू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा टीम द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में पहुंचे रोटरी क्लब के मिनेन्द्र डागा, समाजसेवी मुकेश बसेड़िया एवं अब्दुल फिरोज खान , मुजीब खान ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है। एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर हाफिज एवं कारी जुवेर आलम ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि मोहर्रम का महीना त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि करबला के शहीदों ने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। उनकी याद में यदि हम किसी जरूरतमंद की सहायता कर सकें और रक्तदान के माध्यम से किसी की जान बचा सकें, तो यह सबसे बड़ी इबादत होगी। मोहर्रम समाज में मानवता, सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का भी संदेश देता है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान, आशिक हुसैन एवं सलमान शेख ने कहा कि मोहर्रम का वास्तविक संदेश इंसानियत, एकता और समाज सेवा है। हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर इसी भावना का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। हसनी हुसैनी सोसायटी के अध्यक्ष लकी अली ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों को पहुंचाना है। रक्तदान शिविर का आयोजन भी इसी सोच के तहत किया गया है। मोहर्रम माह की शुरुआत रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से होना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है।

## पंचायतों द्वारा मनमानी राशि खर्च करते हुये बनाये गये शमशान घाट बता रहे पंचायतों के विकास की सच्चाई..

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा पंचायतों के विकास कार्य को लेकर लाखों रूपया खर्च किये जा रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छ भारत का संदेश देते हुये पंचायतों में राशि पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो ग्रामीणों क्षेत्रों में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसके अंतिम संस्कार कार्य करने वाले प्रमुख स्थान शमशाम घाटों के निर्माण को लेकर भी कुछ साल पहले सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च की जा चुकी है। मगर इसके बाद भी पंचायतों के शमशान घाटों की सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि वहां पर मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार में पहुंचाने के लिये लोगों को अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर होना पड़ता है?



क्योंकि सरकार की लाखों रूपया धन राशि खर्च किये जाने के बाद भी गांवों में बने हुये इन शमशान घाटों के चारो ओर फैल रही गंदगी पंचायत द्वारा किराये जा रहे विकास कार्यो की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है?इस प्रकार की सच्चाई क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों का यदि भ्रमण किया जावे तो आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर पंचायतों द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुये बनाये गये इन शमशान घाटों की दुर्दशा ही पंचायत के विकास कार्यो की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? बताया जाता है कि यहां पर लोगों के अंतिम संस्कार के लिये पंचायतो द्वारा पूर्व में शमशान घाट पर दाह संस्कार के लिये प्लेट फार्म का निर्माण तो करा दिया गया है। मगर शमशाम घाट की सफाई को लेकर पंचायतों द्वारा उदासीनता बरते जाने का परिणाम है कि शमशान घाट के चारों ओर पैदा हो रही झाड़ियों के चलते शमशान घाट परिसर जंगल की तरह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है? शमशान घाटों में फैल रही गंदगी व ऊंग रही झाड़िया निश्चित तौर पंचायत जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को उजगर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इतना ही नही शमशान घाट की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो जिस तरह दाह संस्कार प्लेट फार्म से लेकर चारो पेड व झाड़ियों का जो जमघट सजा हुआ देखा जा रहा है उसके चलते किसी व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के पहले ग्रामीणों को अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि दाह संस्कार प्लेट फार्म तक लोग बडे ही मुश्किलों के बीच पहुंचकर शव का दाह संस्कार कर पाते है। इस संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की जाती है तो उनका कहना है कि पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा शमशाम घाट की सफाई की ओर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि जब गांव में किसी व्यक्ति की मौत होती है तो उसके दाह संस्कार को लेकर हम परेशान होना पड़ता है। इस तरह की सच्चाई को देखते हुये आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिरकार पंचायतों में शासन की राशि खर्च करते हुये विकास कार्य की तरह से चल रहे होगे..?

## पंचायतों में पौधें के साथ प्लेट फार्म भी हो रहे हैं गायब हर वर्ष लाखों खर्च होने के बाद भी दर्शन नहीं दे रहे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** राष्टीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए जा रहे पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा,लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है,जिस कारण क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय सरपंच,सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ गया है। जानकारी अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल पचास प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही है अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेट फार्म टूटकर विखरने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को काम देने और हरियाली बढ़ानें के उद्देश्य से बड़ी संख्या मे पेड़ लगाए गए थे जिसके लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई पर लगभग लाखो रूपये की राशि खर्च की गई है, लेकिन इस खर्च का कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है? बीते हुए वर्षो में इस योजना के अंतर्गत की अनेक ग्राम पंचायतों मे पौधें लगाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन ट्री गार्ड के निर्माण कार्यो में अनेकों ग्राम पंचायतो मे अनियमितता बरती गई है? जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत चीचली, सांईखेड़ा व चावरपाठा की अनेक ग्राम पंचायतों में जाकर देखा जा सकता है। हैरत की बात तो यह है कि क्षेत्र के आला अधिकारी भी इस विषय की जानकारी रखते हुये भी इस ओर कड़े कदम उठाने की बजाय चुप्पी साधें हुये है। क्षेत्र मे जहां कही भी हरियाली महोत्सव के नाम राशि को खर्च किया गया है। वहां यह योजना दम तोड़ चुकी नजर आ रही है। काबिल गौर है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम मुहैया कराने व विकास के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई थी, लेकिन जहां कही भी यह योजना हरियाली महोत्सव के नाम पर चलाई गई वहां परिणाम केवल कागजों मे



सिमट कर रह गए है। वस्तु स्थिति कुछ अलग बयां कर रही है कि ट्री गार्ड तो निर्माण करवाये गए थें, लेकिन पौधे तैयार नही हो सके,क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों मे जाकर देखा जाए तो ट्री गार्ड के नाम पर इस राशि का बंदरवाट जमकर किया गया है? वही कुछ पंचायातों में तो ट्री गार्ड के नाम से राशि निकालकर पौधों के चारो ओर बेसर्म की बाड़ी लगा दी गई थी, जिससे पैसा की जगह बेसर्म तैयार हो गई है। पूर्व के पंचायती राज कार्यकाल के समय मे रहे सरपंच और सचिव तथा अधिकारियों की मिली भगत दिखाई दे रही है, इसके लिए समूचा प्रशासन तंत्र व ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों की अनियमितताएं खुले रूप मे उजागर हो रही है? विभिन्न ग्राम पंचायतों के विगत पंचवर्षीय मे सरपंच, सचिव व अधिकारियों की इस घोर अनियमितता के चलते क्षेत्रवासियों का हरित क्रांति का सपना अधूरा रह गया है।

## गायत्री परिवार ट्रस्ट का हुआ पुनर्गठन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ की गतिविधियों के संचालन हेतु गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन गत दिवस संपन्न हुआ।बताया जाता है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार प्रमुख शैल दीदी द्वारा ट्रस्ट मंडल चयन का अनुमोदन पत्र प्राप्त हो चुका है। सात सदस्यीय ट्रस्ट समिति में वरिष्ठ परिजन मूलचंद शर्मा प्रबंध ट्रस्टी, सुरेश गुप्ता सहायक प्रबंध ट्रस्टी, राजेश कुमार कौरव, यशपाल राजपूत, श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पा वर्मा, आर.पी.सिंह को सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। बताया जाता है कि विगत माह जोन प्रभारी राकेश गुप्ता भोपाल, उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी जबलपुर, प्रबंध ट्रस्टी थम्मन सिंह शर्मा नरसिंहपुर तथा उपजोन प्रतिनिधि वृन्दावन पटेल सहित जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर की उपस्थिति में गायत्री परिवार के परिजनों की विशेष बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्टियों का चयन किया गया। परन्तु गायत्री परिवार के अनुशासनात्मक परम्परा का पालन करते हुए नामों की घोषणा केन्द्रीय अनुमोदन उपरांत ही की गई। तहसील समन्वयक गीता प्रसाद कौरव, युवा मंडल प्रभारी शिवम सोनी, वरिष्ठ परिजन विनोद श्रीवास्तव, राजेन्द्र दुबे, तीरथ प्रसाद केवट, दुर्गा प्रसाद कोरी, आशीष सक्सेना द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए गायत्री जयंती पर्व 24 जून को सभी ट्रस्टियों का सामूहिक सम्मान आयोजित करने की जानकारी दी गई है।

## सांगई स्कूल में शिक्षा सत्र शुभारंभ पर घंटी बजाकर छात्र छात्राओं का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वैसे तो शिक्षा सत्र की सही मायने में शुरूआत 1 जुलाई से मानी जाती है। मगर शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार 16 जून से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है। इसी के चलते जहां शिक्षण संस्थाओं में चहल पहल दिखाई देने लगी है। वही ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में गर्मी की छुट्टियों के उपरांत विद्यार्थियों को घंटी बजाकर स्कूल बुलाया गया। स्कूल आने पर छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुस्तकें वितरित की गई। इस मौके पर आँगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती कहार एवं सहायिका राधा बाई कहार ने भी नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि नये सत्र 2026-27 में विद्यालय की पहली कक्षा में अभी तक 21 बच्चों के प्रवेश हो चुके हैं। अभी ये संख्या आगे और बढ़ने की संभावना हैं।

## खबर संक्षेप

### विद्युत विभाग की लापरवाही से करेंट लगने से दो भैंसों की मौत



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बहेरा में विद्युत विभाग की लापरवाही से विद्युत करेंट लगने से दो भैंसों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार स्टे तार में करेंट आने से एक गाभिन भैंस जोकि कृषक ज्ञान सिंह गौतम की थी। जो सुबह 5रू30 बजे करेंट के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पर दूसरी भैंस कृषक चंद्रभान गौतम का बताया गया। जोकि सुबह 7रू30 बजे मृत भैंस के संपर्क में आने पर दूसरी भैंस की भी मौत हो गई। जबकि पहले भैंस को करेंट लगने उपरांत ग्रामीणों द्वारा लाइनमैन को मोबाइल फोन से सूचना दी गई। अगर सूचना बाद लाइन बंद कर दी गई होती तो दूसरी भैंस की मौत नहीं हो पाती। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के ऊपर कठोर कार्यवाही की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई हैं।

### अवैध कोयले के परिवहन पर बिजुरी पुलिस की कार्यवाही

**बिजुरी।** जिले में अवैध गतिविधियों और खनिज माफियाओं के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध रूप से चोरी का कोयला परिवहन करते हुए एक ओम्नी कार चालक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। 13-14 जून की दरमियानी रात को बिजुरी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने बिजुरी गुलाब ग्राउंड के पास घेराबंदी की और एक संदेही ओम्नी कार को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 32 बोरी अवैध कोयला लोड पाया गया। वाहन चालक की पहचान राजेश प्रजापति उर्फ सरदार (उम्र 38 वर्ष) निवासी सीएमपीडीआई कैम्प, बिजुरी के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान चालक ने स्वीकार किया कि वह यह कोयला रामनगर से चोरी कर बिजुरी में बेचने के उद्देश्य से ला रहा था। कोयले के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज़ या खनिज रॉयल्टी पर्ची पेश न करने पर पुलिस ने वाहन और कोयले को जप्त कर लिया।जप्त सामग्री की अनुमानित अवैध चोरी का कोयला (32 बोरी) 5,000, ओम्नी कार 2,00,000 कुल जप्त मशरूका' 2,05,000 पुलिस ने आरोपी चालक राजेश प्रजापति के विरुद्ध थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 213/2026 धारा 303(2) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में ले लिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उप निरीक्षक रविकरण पयासी और आरक्षक रवि सिंह की उल्लेखनीय एवं सराहनीय भूमिका रही।

### अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई 660 मेगावाट की इकाई स्थापना के दिशा में उपलब्धि

**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 210 मेगावाट इकाई स्थापना के बाद से चली आ रही बहुप्रतिक्षित 660 मेगावाट प्लांट की मांग कई वर्षों बाद मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रयासों से आज एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण हुआ है 660 मेगावाट प्लांट बनाने का जिम्मा बीएचईएल इंडिया कंपनी को मिलने के बाद विगत 12 जून को परियोजना के मुख्य बॉयलर क्षेत्र में कंपनी व ताप विद्युत गृह के अधिकारियों द्वारा विधि विधान से उत्खनन कार्य का शुभारंभ किया गया जो परियोजना को साकार रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है इससे पूर्व ताप विद्युत गृह प्रबंध के विशेष प्रयासों से उनकी टीम द्वारा स्विच यार्ड के बे--1 से बे--5 क्षेत्र को रिकार्ड समय में खाली करा कर परियोजना के लिए तैयार किया गया जिससे निर्माण गतिविधियों को समयबद्ध गति दी जा सके।
परियोजना के बॉयलर क्षेत्र के उद्घाटन के अवसर पर ताप विद्युत ग्रहों के कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) तनवीर अहमद, परियोजना निदेशक (बीएचईएल) अमरेश कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संचालन एवं संधारण) विजय देव, अधीक्षण अभियंता (सेवाएं) एस पी निषाद, अशोक कुमार खरे, रुद्र शरण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर इस बड़ी परियोजना के प्रारंभ के साक्षी बने।

---

जिले को स्वच्छ सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में चलाए जा रहे प्रयास

# कलेक्टर ने मछली मीट मार्केट और प्रस्तावित सब्जी मंडी का किया निरीक्षण, निर्धारित स्थानों पर दुकानें संचालित करने के निर्देश

**डिंडौरी।**

जिले को स्वच्छए सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में चलाए जा रहे प्रयासों के तहत कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बुधवार को अधिकारियों के साथ मुलैया टोला बायपास रोड स्थित मछली एवं मीट मार्केट तथा प्रस्तावित सब्जी मंडी स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि मछली एवं मीट बाजार की सभी दुकानों का संचालन शहर से दूर निर्धारित स्थल मुलैया टोला में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बाजार परिसर में पुताईए नियमित साफ.सफाईए पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा दुकानों पर क्रमांक अंकित करने के निर्देश दिए। साथ ही बाजार तक पहुंचने वाले मार्ग को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहाए ताकि आमजन और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने पुरानी





डिंडौरी स्थित सब्जी मंडी के व्यापारियों के लिए रेस्ट हाउस के पीछे प्रस्तावित नए सब्जी मंडी स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका को वहां विद्युतए पेयजलए समतल मैदानए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा वाहन पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि मुख्य मार्गों पर संचालित दुकानों को व्यवस्थित रूप से निर्धारित स्थलों पर स्थानांतरित करने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी। उन्होंने एसडीएम एवं नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सोमवार से सभी दुकानों का संचालन निर्धारित स्थलों पर सुनिश्चित किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा ए गी । उ न्हों ने नगरवासियों से अपील की कि आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए निर्धारित बाजार स्थलों का ही उपयोग करें तथा शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के प्रशासनिक प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामबाबू देवांगनए नगर पालिका अधिकारी रीना राठौरए नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता सरसए पार्षद रजनीश रायए रितेश जैनए स्मिता बर्मनए राजेश पाराशरए आशीष कोरीए सब इंजीनियर यशवंतए तहसीलदार शशांक सेंदे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में जनकल्याणकारी शिविर शुरू, सैकड़ों हितग्राहियों ने कराया पंजीयन



**मेहंदवानी।** आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दो दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का शुभारंभ बुधवार को जनपद पंचायत परिसर में किया गया। शिविर 17 एवं 18 जून तक आयोजित किया जा रहा है।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की पात्रताए लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया। जनपद पंचायत मेहंदवानी के पंजीयन काउंटर पर विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन एवं पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराया।

शिविर के दौरान पंचायत विभाग द्वारा 57 हितग्राहियों को सेवाएं प्रदान की गईं। आधार कार्ड पंजीयन एवं सुधार के 47 प्रकरणों का निराकरण किया गयाए जबकि 255 लोगों की समग्र ई.केवाईसी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेलए रक्तचापए शुगरए टीबीए नेत्र परीक्षण तथा गर्भवती महिलाओं सहित कुल 109 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया गया। आयुष विभाग ने 52 हितग्राहियों का पंजीयन कर निःशुल्क परामर्श एवं दवाओं का वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6ए राजस्व विभाग द्वारा 5 तथा शिक्षा विभाग द्वारा एक प्रकरण का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त उप तहसील मेहंदवानीए जल जीवन मिशन एवं मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों की भी सक्रिय सहभागिता रही।अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर के आगामी दिवसों में भी पंजीयनए परामर्श एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।ग्रामीणों ने शिविर को शासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय का माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की।

# आकांक्षी ब्लॉक बजाग में जनकल्याण शिविर, टीबी मरीजों को वितरित किए गए पोषण आहार किट

**बजाग।** आकांक्षी विकासखंड बजाग के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।शिविर के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत चिन्हित क्षय रोगियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की गईए ताकि उपचार अवधि में उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नियमित रूप से दवा लेने एवं संतुलित आहार अपनाने की सलाह भी दी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी सचिन अग्रवाल ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक होने के कारण बजाग में बैगा जनजातीय समुदाय के बीच टीबी उन्मूलन अभियान पर विशेष फोकस किया जा रहा है।





उन्होंने कहा कि कलेक्टर के निर्देशानुसार दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

शिविर में बीएमओ की उपस्थिति में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। नीति आयोग के एबीएफ डॉण विकास जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदान किए जा रहे पोषण आहार किट मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायक सिद्ध होंगे। शिविर में बड़ी संख्या में बैगा जनजातीय परिवारों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उल्लेखनीय है कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बजाग जैसे आकांक्षी विकासखंडों में विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

# अमरपुर मुख्यालय में मनाया गया महाराणा प्रताप जयंती



**अमरपुर।** वीर शिरोमणिए राष्ट्र गौरवए स्वाभिमान और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजपूत समाज जिला डिंडौरी द्वारा जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व तिलक वंदन किया गया। तत्पश्चात उनके शौर्यए त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उपस्थितजनों द्वारा जयघोष लगाएं गए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने महाराणा प्रताप के जीवनए संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज को स्वाभिमानए साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता हैं। आयोजित कार्यक्रम में समारोह में क्षेत्रीय जनपद सदस्य मालती तिवारीए पार्वती बर्मनए जानकी ठाकुरए पत्रकार शिवकुमारए पप्पू नागेश्वरए देव सिंह भारतीए कृष्ण कन्हैया ठाकुरए कृष्ण कुमार गौतमए मुनेश्वर प्रसाद ठाकुरए अरविंद तिवारीए पारस कछवाहाए दौलत राजपूतए खुमान ठाकुरए आशुतोष तिवारीए गंगा राम कछवाहाए पुलिस स्टाफ सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि आगामी वर्ष महाराणा प्रताप जयंती को और अधिक भव्य एवं व्यापक रूप से मनाया जाएगा ताकि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया जा सके।

# जनकल्याणकारी शिविर का हुआ सफल समापन 742 आवेदन प्राप्त 54 लाख रुपये का सीसीएल वितरित

**करंजिया।**

उत्कृष्ट विद्यालय मैदान करंजिया में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का समापन अपर कलेक्टर श्री जेण पीण यादवए जनपद पंचायत करंजिया की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पट्टाए जनपद सदस्य श्री मधुबन धुर्वे एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।समापन अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनकल्याणकारी शिविर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएंए योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराना था।

शिविर के दौरान मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना.राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ;एनआरएलएमद्ध के माध्यम से स्व.सहायता समूहों को 54 लाख रुपये के सामुदायिक निवेश कोष सीसीएल का वितरण किया गया। इससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को नई गति मिलेगी।विभिन्न विभागों द्वारा हितलाभ वितरण भी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियोंए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों तथा बाल आशीर्वाद योजना के





अंतर्गत 2 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीज वितरण के 5 प्रकरणों एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के 10 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन के 17 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त फूड बास्केट के 5ए साइकिल वितरण के 5 तथा पाठ्यपुस्तक वितरण के 5 हितलाभ प्रदान किए गए।तीन दिवसीय शिविर के दौरान विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों द्वारा कुल 742 आवेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें राजस्वए पेयजलए विद्युतए सामाजिक सुरक्षाए कृषिए आजीविकाए स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। विभागीय अधिकारियों द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

अधिकारियों ने बताया कि शासन का लक्ष्य योजनाओं का शत.प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना एवं योजनाओं का संतृप्तिकरण सुनिश्चित करना है। जनकल्याणकारी शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच प्राप्त हुआ तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सका।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी विभागोंए कर्मचारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# महाराणा प्रताप जयंती समारोह भव्य रूप से संपन्न, वीरता स्वाभिमान और सामाजिक एकता का दिया संदेश

**डिंडौरी ।** वीर शिरोमणिए राष्ट्र गौरवए स्वाभिमानए त्याग और अदम्य साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजपूत समाज द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साहए गौरवए सामाजिक एकता और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठजनए युवा वर्गए छात्र.छात्राओं एवं बड़ी संख्या में समाज बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान महाराणा प्रताप के आदर्शोंए उनके संघर्षपूर्ण जीवन और राष्ट्रहित में किए गए त्याग को स्मरण करते हुए समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा.अर्चना के साथ हुआ। समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने भगवान हनुमान के समक्ष पूजा कर महाराणा प्रताप को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात सभी समाजजन महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल पहुंचेए जहां आयोजित मुख्य समारोह में मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति और समाज एकता से जुड़े नारों के बीच समारोह का वातावरण पूरी तरह उत्साहपूर्ण बना रहा।
कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। आयोजन स्थल पर सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहेए जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं उत्साह का परिचय दिया।समारोह को संबोधित करते



हुए डॉण प्रताप सिंह चंदेल ने महाराणा प्रताप के संघर्षमय जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक शासक नहीं बल्कि स्वतंत्रताए स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि के सम्मान से समझौता नहीं किया। उन्होंने समाज के लोगों से महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात करने तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर समाज के उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।
इसके पश्चात डॉण ओंकार सिंह चंदेल ने अपने उद्बोधन में महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष का मार्ग चुना और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को शिक्षाए जागरूकता और संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सामाजिक समरसताए भाईचारे और समाज कल्याण से जुड़े विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त



किए।राजपूत समाज ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंह राजपूत ने कहा कि समाज की प्रगति केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि संगठन ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा मेहनतए अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन पर विशेष बल दिया।
युवा समाजसेवी रामकुमार मौहारी ने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को समाज सुधारए शिक्षाए जागरूकता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि युवा वर्ग सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ कार्य करे तो समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्तिए शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।महाराणा प्रताप शैक्षिक संगठन के अध्यक्ष सतीश चंदेल ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही मजबूत और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और सहभागिता बढ़ाने की अपील की।
राजपूत समाज के अध्यक्ष कृष्णा सिंह परमार ने समाज हित में संचालित विभिन्न गतिविधियोंए योजनाओं एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षाए सामाजिक सहयोगए प्रतिभा सम्मान और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सभी लोगों के सहयोग से एक नई सकारात्मक शुरुआत होगी और समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।
समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महाराणा प्रताप के आदर्शों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहसए स्वाभिमानए त्याग और राष्ट्रप्रेम का सर्वोच्च उदाहरण हैए जो सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में न्याय समिति के अध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियोंए समाज बंधुओंए युवा साथियोंए विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकताए संगठन और सक्रिय सहभागिता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित के कार्यक्रमों में सभी से सहयोग और सहभागिता बनाए रखने की अपील की।पूरे समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के जयघोषए राष्ट्रभक्ति के नारों और सामाजिक एकता के संदेशों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम ने न केवल महाराणा प्रताप के अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करायाए बल्कि समाज को संगठित होकर शिक्षाए सामाजिक जागरूकता और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। समारोह उत्साहए अनुशासनए सामाजिक समरसता और गौरवपूर्ण वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने वाले आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय शिव कान्त कुशवाहा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा फरियादी को गंदी.गंदी गाली एवं जान से मारने की धमकी देने वाले प्रकरण के आरोपी हल्के भैया लोधी पिता मंहगूदास लोधी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम बंधी थाना तेंदूखेडा जिला नरसिंहपुर मप्र को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 115 (2) भारतीय न्याय संहिता में 03 माह का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अभियोजन में बताया गया कि फरियादी ने थाना तेंदूखेडा के ग्राम बंधी शादी में गया था। वहां से लगभग 2 बजे वह एवं गुलाब लोधी पैदल खेरुआ टोला जा रहे थे जो ग्राम पंचायत बंधी के आसपास रोड में आरोपी हल्के भैया लोधी मिला और बोला तुमने उसके भाई की खेती कॉली ली है उसके पैसे उसे भी चाहिए, तो उसने बोला की उसने पूरे पैसे उसके भाई गोंविद को दे दिये है। तब अभियुक्त ने फरियादी को लात घूँसो से मारपीट की एवं आरोपी ने हाथ में रखे लोहे की राड़ से उसे दाढ़ी में मार दिया एवं फरियादी को जान से मारने की धमकी दी। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना तेंदूखेडा में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया उक्त प्रकरण में कपिल पाण्डे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के द्वारा पैरवी की गई।

### ऋण ना चुकाने वाले के गारंटर को सजा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय न्यायालय तृतीय अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती ज्योति मिश्रा ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बनाम यशवंत लोधी पिता सीताराम लोधी निवासी ग्राम नकटुआ, जिला-नरसिंहपुर को वाहन ऋण रुपये 571044- ना चुका पाने एवं कोर्ट की कार्रवाई में अनुपस्थित होने के मामले में निर्णीत ऋणी यशवंत लोधी के गारंटर राजेंद्र अवस्थी पिता जुगल किशोर अवस्थी निवासी महाकौशल नगर, जिला नरसिंहपुर को एक माह के साधारण कारावास से दंडित कर जेल भेजा दिया। परिवादी श्रीराम फाइनेंस की ओर से अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति ने ब्रांच मैनेजर योगेन्द्र दास बैरागी, कलेक्शन मैनेजर दीपक गुहेरिया एवं रिटेनर रीतेश मौर्य की उपस्थिति में पैरवी की।

### मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का तृतीय स्थापना दिवस कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा द्वारा संगठन का तृतीय स्थापना दिवस 19 जून 2026, शुक्रवार को दोपहर 3 बजे गायत्री मंदिर परिसर, में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी नरसिंहपुर के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक अजय शर्मा एवं व्ही.के. जैन रहेंगे। समारोह में संगठन की विगत तीन वर्षों की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उसकी समीक्षा की जाएगी। पेंशनर्स के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों समस्याओं तथा उनके निराकरण पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना के अंतर्गत मेडसेव कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### आनंद प्रताप पटेल का निधन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर निवासी आनंद प्रताप पटेल का अस्वस्थ्यता के चलते निधन हो गया। आप शंकराचार्य वार्ड पार्षद अजय प्रताप पटेल के छोटे भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय नकटुआ मुक्ति धाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

## नगर सौंदर्यीकरण व विस्तार हेतु नागरिकों से लें राय: मंत्री श्री पटेल

# मास्टर प्लान पर विस्तृत समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**







प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं, गतिविधियों, नरसिंहपुर नगर के सौंदर्यीकरण और विस्तार के लिए शहर के नागरिकों से राय ली जा रही है। सिंगरी नदी नरसिंहपुर नगर की प्रमुख नदी है। इस प्लान में सिंगरी नदी का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण और नरसिंहपुर नगर तथा ग्राम निवेश पर विस्तृत चर्चा होगी। जिससे नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी अपनी राय देंगे। मंत्री श्री पटेल बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### विकास कार्यों की ली समीक्षा

मंत्री श्री पटेल ने नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन प्रगति और रोडमैप पर बिंदुवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं और जारी निर्माण कार्यों को पूरी निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ नियत समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रही पुरानी व नवीन विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री श्री पटेल के द्वारा नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत आवासीय क्षेत्र, वाणिज्यिक क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक उपयोगिताएं व सुविधाएं, पार्किंग स्थल, यातायात परिवहन व्यवस्था सहित सड़क मार्ग एवं रेलवे मार्ग के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

### औद्योगिक क्षेत्रों एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों पर की चर्चा

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के अंतर्गत आवासीय क्षेत्रों में आवागमन हेतु बेहतर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत आवासीय मकान में पार्किंग व्यवस्था, उचित जल निकासी प्रबंध एवं वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाना होगा। नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में आवागमन हेतु प्रमुख मार्ग तथा पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मंत्री श्री पटेल ने आयोजित बैठक में शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों पर चर्चा की। शासकीय कार्यालय, अस्पताल, स्कूल इत्यादि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित रहेंगी। इस प्लान के अंतर्गत पार्किंग स्थल, पार्क, बाजार और सुलभ शौचालय इत्यादि की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के अंतर्गत यातायात एवं परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। जिससे ट्रेफिक की समस्या न रहे तथा शहर से बाहर जाने वाले वाहनों के लिए अधिकांश प्रमुख मार्गों को राजमार्ग से जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे गेट में ओव्हर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, यह कार्य प्रगति पर है। रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण होने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के अंतर्गत विगत वर्षों में शहर के विभिन्न विकास क्षेत्रों को चिन्हांकित किया गया है। इन क्षेत्रों में नगर विकास कार्य एवं गतिविधियां संचालित हैं। नरसिंहपुर नगर क्षेत्र में आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा, जिससे नरसिंहपुर नगर के क्षेत्र में विस्तार हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारी, गणमान्य नागरिक और अधिकारी मौजूद थे।

## विज्ञान मंथन यात्रा में उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 2026 में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के 09 विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयन प्रक्रिया में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के ऐसे विद्यार्थी पात्र थे जिन्होंने पिछली कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों तथा ऑनलाइन आवेदन के आधार पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया हो। इन विद्यार्थियों ने 20 से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा में भाग लेकर देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने बेंगलुरु स्थित विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं तकनीकी संग्रहालय तथा अन्य वैज्ञानिक संस्थानों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त चेन्नई में पेरियार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, बी.एम. बिड़ला तारामंडल तथा श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का भ्रमण कर अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली, उपग्रह नियंत्रण, रॉकेट तकनीक तथा आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीकी नवाचारों को निकट से समझा। यात्रा पूर्ण होने के पश्चात आयोजित लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नरसिंहपुर जिले से चयनित तीन विद्यार्थियों द्‌ आराध्या तिवारी, मीनाक्षी डेहरिया एवं सोनम प्रजापति का विशेष छात्रवृत्ति हेतु चयन हुआ। उल्लेखनीय है कि यात्रा में शामिल हुए विद्यार्थियों में से नरसिंहपुर जिले के केवल यही तीन विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में अध्ययन जारी रखने पर स्नातकोत्तर स्तर तक प्रतिवर्ष 12,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विज्ञान मंथन यात्रा के अंतर्गत राज्यभर से चयनित मेधावी विद्यार्थियों को यह विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। छात्रवृत्ति हेतु चयनित विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक यात्राओं में से एक रही। आराध्या तिवारी ने कहा कि श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में रॉकेट प्रक्षेपण प्रक्रिया एवं अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें वैज्ञानिक बनने की नई प्रेरणा मिली। मीनाक्षी डेहरिया ने बताया कि ‍ेज्‍त।ब, बी.एम. बिड़ला तारामंडल तथा विभिन्न वैज्ञानिक केंद्रों के भ्रमण से अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी अनुसंधान के प्रति उनकी रुचि और अधिक बढ़ी। वहीं सोनम प्रजापति ने कहा कि ‍ेत्‍ट के नियंत्रण केंद्र, उपग्रह प्रबंधन प्रणाली तथा वैज्ञानिक संग्रहालयों के भ्रमण ने उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा यह अनुभव उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। विद्यालय के प्राचार्य जी.एस. पटैल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय एवं जिले दोनों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देंगे।

# भीमकुंड में डूबे युवकों के शव बरामद





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

नर्मदा के सतधारा घाट स्थित भीमकुंड में बीते रविवार को नहाने के दौरान डूबे दोनों युवकों के शव रेस्क्यु टीम ने बरामद कर लिए हैं। बताया जाता है कि रेस्क्यु टीम ने डूबे युवकों की तलाशी के लिए मोटरबोट से पानी में प्रेशर बनाया और कांटे डाले तब कहीं जाकर पत्थरों में फंसे शव मिल सके। टीम को बीते सोमवार की शाम पहले छोटू गोस्वामी का शव मिला और उसके बाद तीसरे दिन आजाद का शव मिला।

नर्मदा के सतधारा में प्रति रविवार को सूर्यकुंड क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। लेकिन भीमकुंड में कम लोग ही नहाने के लिए पहुंचते हैं। क्योंकि यह स्थान अधिक गहराई वाला है और यहां पत्थर-चट्टाने अधिक हैं। घटना में बताया जाता है कि रेलवे का विद्युतीकरण कार्य करने वाले करीब एक दर्जन युवक करेली से नर्मदा स्नान करने बीते रविवार को सतधारा के भीमकुंड पहुंचे। यहां नहाने के दौरान आगरा निवासी आजाद पिता श्याम सिंह 24 वर्ष एवं छोटू गोस्वामी 30 वर्ष निवासी खाटू श्याम सीकर राजस्थान, भरतपुर राजस्थान निवासी परमवीर चैधरी गहराई में जाने से डूबने लगे। तभी वहां पहुंचे किसी नाविक ने डूब रहे परमवीर को तो बचा लिया लेकिन आजाद एवं छोटू कुंड की गहराई में डूबकर लापता हो गए। घाट पर मौजूद दोस्तों ने जब अपने साथियों को डूबते देखा तो मदद के लिए लोगों को चिल्लाया, पुलिस को सूचना दी। मथुरा उप्र निवासी नितिन पिता तेजवीर जाट ने बताया कि नहाते समय अचानक पानी की लहर उठने से आजाद, छोटू एवं परमवीर संभल नहीं पाए और यह घटना हो गई। मौके पर नाविक नहीं पहुंचता तो परमवीर की जान को भी संकट बन जाता। होमगार्ड के हवलदार बृजमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि एएसआई नीरज ठाकुर के नेतृत्व में करीब 7 जवानों की टीम ने घटना के बाद से ही रेस्क्यु शुरू कर दिया था। सोमवार को भी रेस्क्यु चलाया लेकिन छोटू का ही शव मिला, इसलिए मंगलवार को फिर दूसरे शव की तलाशी करने टीम नर्मदा में उतरी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई की है।

## बारिश से पहले सब स्टेशन में शुरू हुआ मेंटेनेंस कार्य, अधिकारियों ने दिए निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

**गोटेगांव।**



आगामी बरसात को देखते हुए गोटेगांव सब स्टेशन में मेंटेनेंस कार्य शुरू कर दिया गया है। सहायक अभियंता संदीप रघुवंशी एवं शहर प्रभारी उदय सिंह के निर्देशन में लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों की जांच एवं मरम्मत कराई जा रही है।अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि मेंटेनेंस कार्य के दौरान उपभोक्ताओं को कम से कम असुविधा हो और बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण भी किया।विभाग के अनुसार बारिश के मौसम में फॉल्ट की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए पूर्व तैयारी के तहत आवश्यक मरम्मत और रखरखाव किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं दावा-आपत्ति 25 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 में संशोधन करते हुए दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 जून 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक कर दी गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नरसिंहपुर श्रीमती देवंती परते ने जिले के सभी संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम दर्ज कराने, विलोपन कराने और आवश्यक संशोधन कराने के लिए अपने-अपने दावा-आपत्ति केन्द्र पर निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जन एकता गौसेवा समिति ने घायल गौमाता का कराया उपचार‘रोटी बैंक’ अभियान से जुड़ने की अपील

**गोटेगांव।**



जन एकता गौसेवा समिति ने सड़क पर घायल अवस्था में घूम रही एक गौमाता का उपचार कराकर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। सूचना मिलने पर समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और डॉ. चंद्र प्रकाश मेहरा से उसका उपचार कराया।समिति के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार बीमार और घायल गौवंश के उपचार और संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही समिति द्वारा ‘रोटी बैंक’ अभियान भी संचालित किया जा रहा है।समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि घरों में बची अतिरिक्त रोटी और भोजन समिति के माध्यम से गौवंश तक पहुंचाकर गौसेवा में सहभागी बनें।इस अवसर पर राजेश चौकसे, लाल साहब पटेल, केदार दुबे, बृजेश पटेल, गोली चौधरी, दीपक ठाकुर, दशरथ सिलावट, कैलाश, चेतराम, सुमता ठाकुर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## अतिक्रमण से दम तोड़ रही यातायात व्यवस्था, सड़कों पर कब्जा, जिम्मेदार मौन, नियमित कार्रवाई की मांग

**गोटेगांव।** नगर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।पुराना बस स्टैंड से भगतराम चौराहा, श्रीदेव ठाकुर बाबा मार्ग और पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग तक सड़कें अवैध कब्जों के कारण संकरी हो गई हैं। सड़क किनारे एक वाहन खड़ा होते ही लंबा जाम लग जाता है, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं। अतिक्रमण के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही है। लोगों ने नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

### सांसद श्री कुलस्ते का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सभापति, एससी एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 18 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सभापति एससी एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री कुलस्ते गुरुवार 18 जून को अपरान्ह 3 बजे जिले के विकासखंड गोटेगांव के ग्राम करकबेल, सायं 5 बजे विकासखंड गोटेगांव और सायं 7 बजे श्रीनगर में आएंगे। इसके पश्चात आप रात्रि 08:30 बजे झौतेश्वर गेस्ट हाउस आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।



## डंपर पलटा: बाल बाल बचे चालक परिचालक

**तेंदूखेड़ा**

बुधवार को सुबह सुबह एक डंफर अचानक गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर पलटी मार गया। जिसमें चालक परिचालक बाल बाल बच गए। हमारे प्रतिनिधि को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क मार्ग पर साइड पट्टी पर मुरम डाली जा रही थी जैसे ही डंफर द्वारा मुरम डाले जाने को आगे बढ़ा ही था कि अचानक एक तरफ पलट गया।

## नहीं हटाये जा रहे विद्युत पोल

**तेंदूखेड़ा**



तेंदूखेड़ा से होकर गाडरवारा तरफ जाने वाला सड़क मार्ग काफी घुमावदार सकरा मार्ग है यहां पर आये दिन सड़क दुर्घटनायें घटित होती रहती है। फिर भी विद्युत पोल खड़े कर रहे संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क मार्ग के किनारे से ही पोल खड़े किए जा रहे हैं जो निकट भविष्य में ही दुर्घटनाओं का कारण बन सकतें हैं।पूर्व में भी इस विषय को लेकर ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों तक यह विषय उठाया था लेकिन कुछ दिन बाद पुनः वही स्थिति निर्मित होने लगी है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से इन विद्युत पोलो को सड़क मार्ग से लगभग 6 फुट दूरी पर लगाये जाने की मांग की गई है।